# Regional Coordinating Institute, Unnat Bharat Abhiyan
## IIT Roorkee

**(News Clipping)**

दैनिक जागरण

देहरादून/हरिद्वार, 29 सितंबर 2019

# विकास में सहभागिता जरूरी

## आइआइटी रुड़की में उन्नत भारत अभियान के तहत कार्यशाला

**जागरण संवाददाता, रुडकी:** आइआइटी रुड़की में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की महत्वाकांक्षी उन्नत भारत अभियान योजना के तहत कार्यशाला आयोजित की। शनिवार को कार्यशाला संस्थान के निदेशक प्रो. एके चतुर्वेदी ने अक्षय उर्जा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अक्षय उर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने से ग्रामीण अंचलों का विकास होगा।

प्रो. एके चतुर्वेदी ने कहा कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य की देखभाल आदि की जानकारी स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराकर समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव मोहन पंत ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों की ओर से उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत सराहनीय काम किए जा रहे हैं। हेल्थ केयर, ई-लर्निंग की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीणों को ई-साक्षर करने में भी उच्च शिक्षण संस्थान अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। आइआइटी के उप निदेशक प्रोफेसर एम परीदा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के जीवन स्तर में आज भी कई बड़ी चुनौतियां हैं। शहरी जीवन की तुलना में उनके सामने बड़ी चुनौती है। इस मौके पर आइआइटी के उप समन्वयक विवेक कुमार आदि ने विचार रखे। इसके बाद तकनीकी सत्र का आयोजन हुआ। जिसमें आइआइटी रुडकी के डीन प्रोफेसर मनीष श्रीखंडे, एनआइएच के पूर्व डायरेक्टर प्रोफेसर आरडी सिंह, आशीष पांड, राजीव लोचन आदि मौजूद रहे।



शनिवार को आइआइटी रुड़की में आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन करते संस्थान के निदेशक • आयोजक संस्था